News in Brief

आईपीएससी तैराकी प्रतियोगिता में इशिता ने जीते तीन पदक

भोपाल। द संस्कार वैली स्कूल की तैराक इशिता परिहार ने आईपीएससी तैराकी प्रतियोगिता में तीन पदक जीते हैं। इसमें एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य शामिल हैं। हिसार में आयोजित प्रतियोगिता में इशिता ने 400 मीटर फ्री स्टाइल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं 200 मीटर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। स्पर्धा के 100 मीटर इवेंट में उन्हें कांस्य पदक मिला।

टीकेपी साई निहाल राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित

भोपाल। द संस्कार वैली स्कूल के छात्र टीकेपी साई निहाल का चयन मध्यप्रदेश आईसीएससी रीजनल वालीबॉल टीम में हुआ है। यह टीम तमिलनाडु में गुरुवार से शुरू हो रही आईसीएससी नेशनल वालीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। उनका चयन बीते दिनों सतना में खेल गई मध्यप्रदेश आईसीएससी रीजनल वालीबॉल प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। टीकेपी साई निहाल के चयन पर वालीबॉल कोच कल्पना शुक्ला ने खुशी जाहिर की है।

कमला देवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर फुटबॉल 6 अक्टूबर से

भोपाल। कमला देवी पब्लिक स्कूल में 6 अक्टूबर से सीबीएसई क्लस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के 52 सीबीएसई स्कूलों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता दो आयु समूहों में खेली जाएगी। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता के मुकाबले तीन मैदानों पर खेले जाएंगे। इसके अंडर- 17 आयु समूह में भोपाल की 12 और अंडर-19 में 22 टीमें हिस्सा लेंगी। स्पर्धा के फाइनल मुकाबले 9 अक्टूबर को खेले जाएंगे। यह जानकारी आयोजन सचिव सागर रायकवार ने बुधवार को एक पत्रकारवार्ता में दी।

आईईएस स्कूल में सीबीएसई वेस्ट जोन स्केटिंग टूर्नामेंट आज से

भोपाल। आईईएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार से सीबीएसई वेस्ट जोन स्केटिंग कॉम्पटीशन का आगाज होगा। इसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात से आए 329 टीमों के 2500 से अधिक स्केटर दमखम दिखाएंगे। इसमें 8 से 19 साल तक के बालक और बालिका अलग-अलग आयु समूहों में क्वाड्स एवं इनलाइन इवेंट में हिस्सा लेंगे। स्पर्धा का उदघाटन स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री दीपक जोशी करेंगे। यहां बुधवार को सीबीएसई के पर्यवेक्षकों ने स्केटिंग एरीना का निरीक्षण किया।